Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-130 सागवाड़ा, सोमवार, 10 जनवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# इन्वेस्टर समिट में 32 इंडस्ट्रीज के लिए 1 हजार 97 करोड़ एमओयू और एलओआई साइन किए गए

## डूंगरपुर में हुआ इंवेस्टर समिट, औद्योगिक विकास के लिए हुए प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी की मौजूदगी में हुआ आयोजन

डूंगरपुर। जिले में राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन व जिला उद्योग केंद्र की ओर से आज जिले में औद्योगिक विकास के लिए इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ। डूंगरपुर जिला प्रभारी मंत्री भंवरलाल भाटी की मौजूदगी में 32 इन्वेस्टर्स ने 1 हजार 97 करोड़ का 24 एमओयू और 8 एलओआई साइन किये। राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलो में औद्योगिक विकास के लिए इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत आज डूंगरपुर जिला प्रशासन व जिला उद्योग केंद्र की ओर से डूंगरपुर में इन्वेस्टर समिट आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक आरके सेठिया और सभी इन्वेस्टर शामिल हुए 7 इन्वेस्टर समिट में 32 इंडस्ट्रीज के लिए 1 हजार 97 करोड़ एमओयू और एलओआई साइन किए गए। इसमें सबसे ज्यादा 11 इंवेस्टर्स ने बिछीवाड़ा में इंडस्ट्री के लिए दिलचस्पी दिखाई है।

रिसोर्ट, टूरिज्म, एजुकेशन, माइनिंग, फूड प्रोसेसिंग सेक्टर समेत कई तरह की इंडस्ट्रीज लगेगी। डूंगरपुर इंवेस्टर समिट में ऊर्जा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी ने कहा कि डूंगरपुर समेत प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर अभी अच्छा माहौल है। राज्य सरकार इंवेस्टर को उनकी सहूलियत के अनुसार सभी तरह की सुविधाएं मुहैया करवा रही है। इंवेस्टर के सामने आने वाली छोटी-मोटी परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। इससे कई देश-विदेश के कई इंवेस्टर ने राजस्थान में इंडस्ट्री के लिए दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उद्यमियों के सामने आने वाली बड़ी कठिनाइयों को दूर करने सभी 14 विभागों को एक साथ जयपुर में बैठाने का काम किया है, जहां उनकी सारी दिक्कतों का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर जिला गुजरात बॉर्डर से सटा होने से यहां इंडस्ट्री की बड़ी संभावनाएं है।

### 24 एमओयू व 8 एलओआई पर हुए साइन

इन्वेस्टर समिट में डूंगरपुर में 24 इंवेस्टर के साथ 815 करोड़ 98 लाख रुपये के एमओयू साइन किये गए है। वहीं 8 एलओआई के माध्यम से 282 करोड़ 25 लाख रुपये का इंवेस्टमेंट होगा। इससे जिले में 3 हजार 834 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

कार्यक्रम में विधायक गणेश घोघरा ने स्थानीय आदिवासी इलाके में एसटी-एससी वर्ग को भी औद्योगिक क्षेत्र के बारे में जानकारी देकर उन्हें फायदे दिलाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि यहां के लोगो को ज्यादा जानकारी नहीं होने से लोग बैंक और उद्योग विभाग के चक्कर लगाते है।

लेकिन उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है। कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने कहा कि डूंगरपुर में इंवेस्ट करने के इक्छुक सभी उधमियों को अच्छा माहौल देने के साथ ही सभी तमाम सुविधाएं देने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। उद्यमी अपने प्रोजेक्ट के साथ अपनी जरूरतों को बताए। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर में अगले कुछ दिनों में रेल शुरू हो जाएगी।

इसके बाद ट्रांसपोर्टेशन का सबसे बड़ा फायदा उद्यमियों को मिलेगा। उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक आरके सेठिया ने इंवेस्टर समिट से होने वाले फायदों के बारे में बताया और उद्यमियों को समय पर अपनी इंडस्ट्री लगाते हुए फायदा दिलाने के लिए प्रेरित किया।

## मोटरसाईकिल चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार, मोटरसाईकिल बरामद

**सागवाड़ा।** पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार करते हुए मोटरसाईकिलभी बरामद की है। थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी के अनुसार 5 जनवरी को प्रार्थी करण सिंह पिता हमीर सिंह सिसोदिया निवासी गोवाडी वाडा ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि सागवाडा एसबीआई एनआरआई बैंक के सामने से मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी द्वारा तत्काल मौके पर पहुच घटना स्थल का निरीक्षण किया। प्राप्त रिपोर्ट पर जांच कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

उक्त मामले में प्रभु पिता नारायण राणा मीणा उम्र 22 साल निवासी बार वेजणिया पुलिस थाना चितरी को डिटेन कर थाने पर लाकर पुछताछ कर गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से मोटरसाईकिल बरामद की गई है। उक्त मुल्मिान प्रभु ने उक्त घटना करना स्वीकार किया है। उक्त मुल्जिम से और भी पुछताछ जारी है। उक्त मुल्जिम द्वारा अन्य स्थानों पर हुई इस तरह की वारदातों में संलीप्तता होने की पुर्ण सम्भावना है। जिसके बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

## मनरेगा एक्सईएन नहीं बता पाए विधायकों के खातो में कितना पैसा

### प्रभारी मंत्री भवंरसिंह भाटी ने समीक्षा दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग व जलदाय विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओ में न्यून प्रगति पर नाराजगी जताई

**डूंगरपुर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री व डूंगरपुर जिला प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी ने डूंगरपुर जिले के दौरान जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कई योजनाओं में न्यून प्रगति पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को कहा की योजनाओं के क्रियान्वयन व काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक में जब मंत्री भवंरसिंह भाटी ने मनरेगा एक्सईएन से एमपी व एमएलए लेड में उपलब्ध राशि के सम्बन्ध में सवाल किया तो एक्सईएन केशव नोगिया बगले झाकने लगे। एक्सईएन केशव नोगिया के पास मंत्री के इस सवाल का कोई जवाब नहीं था और वे टालमटोल करने लगे। इस दौरान डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने झूठे आंकड़े बताने पर एक्सईएन केशव नोगिया के खिलाफ नाराजगी जताई। बैठक में प्रभारी मंत्री भवंरसिंह भाटी ने समीक्षा दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग व जलदाय विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओ में न्यून प्रगति पर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा की योजनाओं के क्रियान्वयन व जनता से जुड़े कामो में कोताही व लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियो को सरकार की मंशानुरूप सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन व मोनिटरिंग करते हुए पात्र व्यक्ति को उन योजनाओं का लाभ समय दिलाने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री भाटी ने डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा व जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला की मौजूदगी में जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, रसद विभाग, ऊर्जा विभाग, जलदाय विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति व धरातल पर उनके क्रियान्वयन का फीड बेक लिया। बेणेश्वर धाम पर बनने वाले पुलों को लेकर जानकारी ली। जिस पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई ने बताया की बेणेश्वर धाम के पुलों के निर्माण के लिए 135 करोड़ का टेंडर हो चुका है।

वही डेढ़ साल में इन पुलों के निर्माण कार्य का पूरा करना होगा। जिस पर प्रभारी मंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियो को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इधर सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग के एसई ने जिले में 58 नॉन पैचबले 160 किलोमीटर सड़को का काम चलने की भी जानकारी दी।

## युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

डूंगरपुर।

जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के गौरादा गांव में एक युवक ने अपने के घर के पास पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पत्नी 3 दिन से पीहर में थी। कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की गौरादा गाँव निवासी 40 वर्षीय सुरेश खराड़ी अपनी पत्नी सूरज व 13 वर्षीय बेटी अनुप्रिया के साथ रह रहा था। सुरेश खराड़ी की पत्नी सूरज देवी तीन दिन पहले पीहर गई थी और घर पर सुरेश व उसकी बेटी अनुप्रिया अकेले थे।

**कारणों का नहीं हुआ खुलासा, पुलिस कर रही मामले की जांच**

रात को खाना खाकर सुरेश व बेटी अनुप्रिया सोये थे। सुबह जब अनुप्रिया उठी तो देखा की उसके पिता घर में नहीं थे उसने आसपास तलाश की तो घर से कुछ दूरी पर एक पेड़ से सुरेश का शव लटका हुआ था। जिस पर वह सहम गई और उसने दराती से फंदा काट दिया और अपने पिता को देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। फिर इसके बाद अनुप्रिया ने आसपास के लोगो को मामले की जानकारी दी। वही ग्रामीणों की सुचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

पुलिस ने अनुप्रिया से पुरे मामले की जानकारी ली और शव को मौके से उठवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुँचाया। जहा पर मृतक की पत्नी के पीहर से आने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के तहत जिले भर में 21 सैम्पल लिए गए

### घी, तेल लाल मिर्च, दूध, बेसन, पनीर अन्य खाद्य साम्रगी के सैम्पल लिये

**डूंगरपुर।** 1 जनवरी से 31 मार्च 2022 तक राजस्थान में शुद्ध के लिये युद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस पूरे अभियान की अगुवाई जिला कलक्टर सुरेश कुमार ओला के द्वारा की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा बताया कि राज्य सरकार की ओर से अभियान के संचालन के लिए जिला स्तरीय प्रबंधन समिति, जांच दल का गठन किया गया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मौयल, ने बताया कि जिले भर में अभियान के तहत 1 जनवरी से अब तक 21 सैम्पल लिए गए। डूॅगरपुर से 10, सागवाडा से चार, सीमलवाडा से दो, बिछिवाडा से एक, आसपुर से चार लिए जिसमें घी के 05, तेल के 04, लाल मिर्च पाउडर के 03, दूध का 01,पैकेडे का आटा को 01, बेसन के 02, पनीर के 02,नमकीन के 01, ग्रिन चिल्ली सॉस 01, मावे की मिठाई 01, लिए गए। सम्सत सैम्पल को जॉच हेतु खाघ सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत बासवाडा प्रयोग शाला में जॉच हेतु भिजवाये गये है। जिन प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गई उन्हे कोविड-19 प्रोटोकॉल की पालना करने व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु पाबन्द किया गया।

### सूचना देने वालों की दी जाएगी 51000 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि

अभियान की अवधि में मिलावटी खाद्य वस्तुएं बनाने वालों की सूचना देने वालों को सूचना सही पाए जाने पर 51000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस राशि का वितरण जिला कलक्टर के द्वारा फूड टेस्टिंग लैब की सूचना के बाद निष्कर्ष प्रमाणित करते हुए दिया जाएगा। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। यह भी बताया कि मिलावट करने वालो की सूचना स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 02964-232486 पर सूचित करें सकते है। जिसमें सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय रखा जावेगा।

## वेबसाइट पर फोटो डालकर लड़कियां सप्लाई करने का झांसा देने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना पुलिस ने वेबसाइट पर फोटो डालकर लड़कियां सप्लाई करने का झांसा देने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों ही आरोपियों से पुछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान चारण में बताया कि शहर के उत्तम सेवा मार्ग पर दो युवकों द्वारा ऑनलाइन ठगी की शिकायत मिली थी। इस पर कोतवाली थाने से एसआई अमृतलाल कांस्टेबल भोपालसिंह, डीएसटी हेड कॉन्स्टेबल नवीन कुमार, साइबर सेल की टीम उत्तम सेवा पर पंहुची। इस दौरान पुलिस ने दो युवकों को मोबाइल चलाते हुए देखा जिस पर पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ा और उनके मोबाइल चेक किये। जिनमे लड़कियों के कुछ आपत्ति जनक फोटो थे जिस पर पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया और थाने लेकर आये जिनसे पूछताछ की गई। सीआई ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ओकेल्यूट डॉट कॉम वेबसाइट पर लडकियो की फोटो और विज्ञापन देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। लोगो को झांसे में लेकर मोबाइल व्हाट्सएप पर मैसेज कर लड़किया सप्लाई करने का झांसा देते। उनसे ऑनलाइन रुपये लेकर ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपी राजू उर्फ राजेश (34) पुत्र वालजी पाटीदार निवासी लोकिया बनकोडा ओर प्रवीण (21) पुत्र प्रेमचंद परमार निवासी जोगीवाड़ा रामा फला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिसमें अब तक कि गई ठगी की वारदातों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

## पाटीदार समाज प्रगति मण्डल की बैठक पाड़वा में हुई



**सागवाड़ा।** समाज सुधार को लेकर पाटीदार समाज प्रगति मण्डल की बैठक पाड़वा हुई। पाटीदार समाज चौखला पाडवा की बैठक प्रगतिमण्डल द्वारा तेजपाल पाटीदार पाडवा की अध्यक्षता में तथा विद्यानगर के चेयरमेन डायालाल विकासनगर के मुख्यातिथ्य में आयोजित हुई। विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट मण्डल के मैनेजिंग ट्रस्टी गोपाल भाई जसेला, पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष गोविंदराम विराट थे। स्वागत नायब तहसीलदार हिरण्य पाटीदार ने किया। प्रगति मण्डल जिला महामंत्री मोहनलाल पाटीदार वांदरवेड़ ने बताया कि बैठक में राजस्थान पाटीदार समाज के प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाटीदार पाडवा कोरोना काल में किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम नहीं करने की बात कही। बैठक में सर्व सम्मति से पाड़वा चौखले के समस्त गांवों के पंचों ने निर्णय लिया कि विवाह प्रसंग में कन्या पक्ष की ओर से दहेज़ लेने पर उनकी ओर से दिया जाने वाला सामाजिक भोज घर विवाह स्वीकार नहीं किया जायेगा। मुख्यातिथि डायालाल विकासनगर ने युवाओं को नशे से दूर रहने की हिदायत देते हुए अपने व्यवसाय पर जोर देने को कहा। वालजी भाई लीलवासा ने सभा सम्बोधित किया। बेठक में समाज के ट्रस्टी,चौखलों के प्रतिनिधि व चौखला पाडवा के पंच महानुभाव उपस्थित थे। संचालन वासुदेव पाटीदार ने एवं आभार जगपाल पाटीदार पाड़वा ने व्यक्त किया। बैठक में समाज सुधार हेतु चौखला पाड़वा की सामाजिक समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से देवीलाल पिता तेजपाल पाटीदार पाडवा को अध्यक्ष व रमणलाल पाडवा को सचिव नियुक्त किया गया। प्रगति मण्डल के जिलाध्यक्ष वासुदेव पाटीदार पाड़वा ने बताया कि इसी तरह मण्डल समाज के सातों चौखलों एवं क्षेत्रों में जाकर सामाजिक समितियों का गठन कर समाज सुधार करेगा तथा समाजजनों से संवाद करेगा कम्युनिकेशन गेप नही आने दिया जायेगा।

## राजस्थान में 50 रुपए में होगा रेपिड एंटीजन टेस्ट

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना की जांच RTPCR टेस्ट के बाद अब सरकार ने रेपिड एंटीजन टेस्ट (RAT) की कीमतों को भी निर्धारित किया है। राजस्थान में अब किसी भी जगह एंटीजन टेस्ट करवाने पर 50 रुपए से ज्यादा की राशि वसूल नहीं की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान ने दर निर्धारित की है। राज्य में अभी आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए सरकार ने 350 रुपए दरों का निर्धारण किया हुआ है। राजस्थान में कोरोना की दूसरी लहर जब आई थी उससे पहले तक सूबे की गहलोत सरकार केवल आरटीपीसीआर टेस्ट को ही अधिकृत रिपोर्ट मानती थी, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर में जब केस तेजी से आने लगे और टेस्टिंग बढ़ाने पर जोर दिया गया तब एंटीजन टेस्ट को मंजूरी दी गई थी। राजस्थान में राज्य सरकार वर्तमान में 62 हजार से ज्यादा कोरोना की जांचे कर रही है। इसके अलावा सरकार की ओर से गांवों में मोबाइल टीमों के जरिए एंटीजन किट से भी टेस्ट करवाए जा रहे है। बाजार में वर्तमान में कई जगह एंटीजन टेस्ट किट भी बिक रही है।

## डूंगरपुर शहर में फिर हुई चोरी, चाय की केबिन का टूटा ताला, 3 हजार की चिल्लर हुई चोरी

**डूंगरपुर।** शहर में चोरिया थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात चोरो ने शहर के साबेला बायपास पर स्थित एक चाय के केविन को निशाना बनाया और केबिन में रखे 3 हजार की चिल्लर चुरा ले गए। इधर मामले में कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीप दान चारण ने बताया की कोकापुर गांव निवासी विपिन ठाकुर का शहर के साबेला बायपास पर चाय का केबिन है। बीती रात चोरो ने उस केबिन में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सुबह जब विपिन ठाकुर अपने केबिन पर पहुंचा तो वारदात का पता चला। विपिन ने देखा की केबिन का ताला टुटा हुआ था। वही शटर करीब दो फीट उठा हुआ था। इधर केबिन के अन्दर का सामान बिखरा हुआ था और गल्ले से करीब 3 हजार की चिल्लर गायब थी।

जिस पर पीड़ित केबिन मालिक ने कोतवाली थाना पुलिस को मामले की सुचना दी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गौरतलब है की नए साल1 जनवरी से शुरू हुआ चोरी का सिलसिला बना हुआ है। पिछले 10 दिनों में शहर में करीब एक दर्जन के करीब दुकानों के ताले टूटे है। लेकिन कोतवाली पुलिस ने वारदातों को खोलने में नाकाम रही है।

इधर इस मामले में कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान ने बताया की चोरी की वारदातों को खोलने के लिए अलग-अलग टीम लगी हुई है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है जल्द ही वारदातों का खुलासा किया जाएगा।

## हाईवे पर अनियंत्रित होकर पल्टा अवैध शराब से भरा ट्रक

### चालक की हुई मौत, पुलिस ने 302 कार्टन शराब की जब्त, मूंगफली की आड़ में भरी हुई थी शराब

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के एनएच-48 पर लहणा घाटी में बीती रात अनियंत्रित होकर अवैध शराब से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वही पुलिस ने मौके से शराब के 302 कार्टन शराब के जब्त किये है। जब्त शराब की कीमत लाखो रुपए की बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक के शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की बीती रात एनएच-48 पर लहणा घाटी में एक ट्रक के पलटने की सुचना मिली थी। सुचना पर मौके पर पहुंचे तो देखा की ट्रक के नीचे दबने से चालक की मौत हो चुकी थी। वही सडक पर शराब के कार्टन व मूंगफली की बोरिया फैली हुई थी। इधर पुलिस ने मृतक चालक की पहचान उसके जेब से मिले ड्राइविंग लाइसेंस से हिमाचल प्रदेश निवासी नरेश सिंह के रूप में की। थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की ट्रक चालक नरेश सिंह मूंगफली की आड़ में अवैध शराब तस्करी कर रहा था लेकिन हादसा होने से शराब तस्करी का खेल सामने आया है।

थानाधिकारी रणजीत ने बताया की मौके से हरियाणा निर्मित शराब के 302 कार्टन जब्त किये है। वही कुछ कार्टन में भरी शराब की बोतले टूट भी गई। उन्होंने बताया की जब्त शराब की कीमत करीब 21 लाख रूपये है। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को शराब को जब्त करके थाने पर रखवाया है वही मृतक चालक के शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया है और मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जायेगी।